## संक्षिप्त खबरें

### रामनवमी की पूर्व संध्या पर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

पटना सिटी (प्राकि)। रामनवमी के साथ ही नवरात्र को लेकर पुलिस प्रशासन के अधिकारी और पदाधिकारी चौकस हैं। इस दौरान असामाजिक और शरारती तत्वों को सचेत करने और शांति प्रिय नागरिकों को सुकून पहुंचाने के लिए पुलिस के द्वारा फ्लैग मार्च किया गया। इसमें नगर पुलिस अधीक्षक पूर्वी भारत सोनी, एएसपी शरथ आरएस के साथ अन्य थाना के थानाध्यक्ष और पुलिस बल भी शामिल हुए।

### रेलवे एक्ट के तहत 17 गिरफ्तार

फतुहा। शुक्रवार को फतुहा रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ द्वारा रेल अधिनियम के विभिन्न धाराओं में 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर विनोद कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि महिला कोच से चार, रिजर्व कोच से छः, न्यूसेंस में एक और अवैध रूप से रेलवे लाइन पार करते हुए छः लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आगे की कार्रवाई के लिए मामले को पंजीकृत किया गया है।

### मानदेय में वृद्धि को लेकर रसोईया संघ ने किया बैठक

फतुहा। मंगलवार को महारानी चौक स्थित भाकपा-माले कार्यालय में मानदेय में वृद्धि को लेकर राज्य विद्यालय रसोइया संघ फतुहा इकाई की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ की सचिव सोना देवी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए संघ की महासचिव सरोज चौबे ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने अपने कार्यकाल के दस साल में रसोइयों का एक पैसा भी नहीं बढाया व राज्य की नीतीश सरकार ने रसोइयों को आश्वासन देने के बावजूद मानदेय में वृद्धि नहीं किया, ऊपर से काम का बोझ बढाती जा रही है। अब जब चुनाव का समय आ गया है तो रसोइयों को एक एक वोट एनडीए गठबंधन के खिलाफ देकर इण्डिया गठबंधन को जिताना चाहिए। बैठक में सोना देवी, संजू देवी, लीलावती कुंअर, पुनिया देवी, सावित्री देवी, अनिता देवी, सुनीता देवी जगमाया देवी, रंजुला देवी, सोनी देवी सहित अन्य रसोइया शामिल हुईं।

### चैती छठ के दिन डूबे किशोर का शव हुआ बरामद

फतुहा। बीते सोमवार को चैती छठ के दिन जेठुली घाट पर तीन दोस्त गंगा स्नान के दौरान डूब गए थे जिसमें दो किशोरों को ग्रामीणों ने बचा लिया था वहीं दीदारगंज थाना अंतर्गत सोनावां गांव निवासी कल्लू सिंह के पुत्र बल्लू(15) का पता नहीं चल पाया था। वहीं मंगलवार को नदी थाना क्षेत्र में जेठूली घाट पर डूबे किशोर बल्लू का शव करीब 30 घंटे बाद बरामद हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। परिजनों के बयान के आधार पर आगे कार्रवाई की जा रही है।

### भाजपा आयुष विभाग करेगी डोर टू डोर कैम्पेन

पटना सिटी (प्राकि)। बिस्कोमान गोलम्बर स्थित भाजपा आयुष विभाग के प्रदेश संयोजक के कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। इसके बाद भाजपा आयुष विभाग के प्रदेश संयोजक डॉ अजय प्रकाश ने बताया कि भारत सरकार द्वारा पिछले दस वर्षो में किए गए कार्यों को जनता के बीच डोर टू डोर कैम्पेन कर जागरूक करेंगी। इस निमित एक विवरण प्रपत्र प्रकाशित किया गया है। इसे लेकर आयुष विभाग के पदाधिकारी, कार्यकर्ता जनमानस से मिलकर चर्चा करेंगे। प्रदेश संयोजक डॉ अजय प्रकाश ने लोकसभा चुनाव को लेकर प्रभारियों की एक सूची भी निर्गत किया है। इसमें डॉ श्रीप्रकाश बरनवाल (गोपालगंज), डॉ वंदना शर्मा (सीवान), डॉ अनिल कुमार (हाजीपुर) डॉ राज किरण (पूर्वी चम्पारण), डॉ आशीष कुमार (प. चम्पारण), डॉ दुलारचंद (सारण), डॉ पंकज कुमार (औरंगाबाद), डॉ त्रिपुरारी लाल मौर्य (पाटलीपुत्र), डॉ संजीव कुमार (उजियारपुर), डॉ पंकज पाण्डेय (पटना साहिब) को प्रभारी नियुक्त किया गया है।

### एक-एक जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनों का हुआ परिचालन

हाजीपुर। यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा पुणे, वलसाड, उधना, अहमदाबाद एवं साबरमती से दानापुर/पटना के लिए तथा राजकोट एवं उधना से बरौनी के लिए एक-एक जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा जिनका विवरण निम्नानुसार है गाड़ी सं. 01417/01418 पुणे-दानापुर-पुणे सुपरफास्ट स्पेशल (पं.दीनदयाल उपाध्याय जं.-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर-भुसावल के रास्ते) - गाड़ी संख्या 01417 पुणे-दानापुर सुपरफास्ट स्पेशल पुणे से 18, 21, 25 एवं 29 अप्रैल, 2024 को 06.30 बजे खुलकर अगले दिन 12 बजे दानापुर पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 01418 दानापुर-पुणे सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन दानापुर से 19, 22, 26 एवं 30 अप्रैल, 2024 का 13.30 बजे खुलकर अगले दिन 19.45 बजे पुणे पहुंचेगी। इस स्पेशल में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 02 एवं शयनयान श्रेणी के 18 कोच होंगे।

# तंत्र-मंत्र से अभिसिंचित लोहे का त्रिशूल शरीर में चुभो झूमे

## सती सावित्री व सत्यवान की याद में रानीपुर में लगने वाला मेला संपन्न

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता





विज्ञान पर भारी पड़ा आस्था। यह देखने को मिला रानीपुर के पंजर भोंकवा मेला में। कारण कि मानव को यदि अंगुली में कांटा भी चुभता है, तो वह दर्द से कराह उठता है, मगर यहां तो शरीर के विभिन्न अंग पंजरा, मुंह, जीभ, गला और यहां तक की आंख के भौं पर भी लोहे के त्रिशूलनुमा तीर घुसा कर लोग सड़कों पर नाचते-गाते निकलते हैं। इसे देखकर लोगों की आंखें फटी रह जाती हैं और दांतों तले उंगली दबाने को लोग मजबूर हो जाते हैं। उनके साथ शामिल भक्तों का सैलाब एक स्वर में कह उठाते हैं सती नारी के सत्य बलवान रे, जिससे हार गए भगवान रे। तीन दिनों तक चलने वाला पंजरभोंगवा मेला का मंगलवार को समापन सौहार्द्रपूर्ण और शांतिमय वातावरण के बीच संपन्न हो गया। अल सुबह अनेक मोहल्ले से पंजर भोंकवा शरीर में लोहे का तीर चुभाए वाद्य यंत्रों पर थिड़कते हुए रानीपुर से शत्रुघ्न कुमार, जो लगातार 20 वर्षों से, हरनाहा टोला से डिंपल चौधरी तथा अनुसूचित टोला से सनोज पासवान हर वर्ष पंजर भोंकवा बनकर निकलते हैं। अपने उस्ताद देवनारायण ठाकुर के सानिध्य में दरबारी गोप, राकेश सुनार यह लोग इन लोगों को सहयोग करते हैं। उस्ताद के द्वारा देवी मंदिर में एक सप्ताह पूर्व से ही लोहे के त्रिशूल को मंत्रों से अभिमंत्रित कर किसी अनहोनी से रक्षा करने की आराधना किया जाता है। उनसे बात करने पर सीधा सती माई की कृपा का बखान करते हैं और यह सत्य भी दर्जनों की संख्या में अपने शरीर में त्रिशूल घोंपने के बाद भी न दर्द और न ही एक बूंद खून का निकलना, लोगों को आश्चर्यचकित करता है। इसी को आस्था कहा जाता है। पूर्व वार्ड पार्षद अवधेश कुमार सिन्हा ने देश में नारी अस्मिता से जुड़े इस इकलौता मेला को सरकार के द्वारा राजकीय दर्जा प्राप्त हो, इसके लिए प्रयास जारी रखे हैं। उन्होंने एसडीओ गुंजन सिंह के महिला होने के नाते उनका मेले के प्रति सहानुभूति है और उन्होंने इस मांग को डीम तक अनुशंसा के साथ भेजा है। निर्णय सरकार के स्तर से होना है। यहां देवनारायण ठाकुर, हरि नारायण गोप, दरबारी यादव, राजू केवट, राकेश स्वर्णकार, मुन्ना गोप, ओम प्रकाश निषाद, लंगूर उस्ताद, मसूरी यादव, देवी पासवान, हाथी चौधरी, जगदीश मिस्त्री, टीमली चौधरी, शत्रुघ्न प्रसाद ठाकुर, दिमागी गोप, गुलाब चौधरी, मनोज यादव, गोपाल पासवान, गणेश आदि ने शरीर में नुकीले तीर घोंप कर नृत्य किया। इससे पूर्व जहां खप्पर लेकर पहुंचे ओझा व तांत्रिकों के द्वारा तंत्र-मंत्र की साधना की गई। इस दौरान चैतावर प्रतियोगिता व्यास मनोज यादव एवं मुकेश यादव के बीच हुई। इसमें देर रात तक लोग जुटे थे। समिति के संरक्षक रामजी योगेश, अंजू सिंह, अवधेश कुमार सिन्हा, संजीव सिन्हा, केएल यादव देवानंद यादव, श्याम नंदन प्रसाद, भीम कुमार वर्मा, प्रेम चौधरी, गोपाल, संतोष मिश्रा, विनय महतो आदि सक्रिय थे। रानीपुरगंज में सती सावित्री, सत्यवान एवं धर्मराज की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना भी की गई। विदित हो कि सत्यवान बभनगामा स्थित जंगल में लकड़ी काट रहे थे। इसी दौरान सांप के द्वारा डंस लिए जाने से उनकी मौत हो गई। प्राण त्यागने के पूर्व सत्यवान ने सती सावित्री को आवाज लगाई। जब सती सावित्री वहां पहुंचीं, तो अपने पति को मृत पाकर यमराज से उनके पति के प्राण लौटने को कहा। इस दौरान दोनों के बीच वाक युद्ध भी हुआ। अनेक वरदान पाने के बाद अंत में सती सावित्री ने धर्मराज से अपने को पुत्रवती होने का वरदान मांगा। जब उन्होंने यह वर प्रदान कर दिया, तब सती सावित्री ने कहा कि जब उनके पति जीवित ही नहीं रहेंगे, तो वह पुत्रवती कैसे बन पाएगी। वाक युद्ध में हार जाने के बाद धर्मराज ने सत्यवान के प्राण लौटा दिए। इसी की याद में बभनगामा में सती सावित्री और सत्यवान की याद में मंदिर बना है। अब वहां जाने के लिए रास्ता भी बन गया है। बिजली की लाइन भी दौड़ गई है, मगर उसे चालू नहीं किया जा सका है। इस मेले को राजकीय दर्जा प्रदान करने के लिए लगातार प्रयास जारी है, मगर अब तक सफलता नहीं मिल पाई है।

## महाष्टमी को श्रद्धालुओं ने रखा उपवास, हुआ संधि पूजा




- हवन व कन्या पूजन होगा आज, विसर्जन कल

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

वासंतिक नवरात्र को लेकर भगवती दुर्गा देवी एवं हनुमत मंदिरों में भक्तों के द्वारा पूजा-अर्चना का दौर मंगलवार को भी जारी रहा। नवरात्र के आठवें दिन महाअष्टमी के साथ ही मंगलवार का दिन होने के कारण भगवती मंदिरों में श्रद्धालुओं की खासा भीड़ दर्शन और पूजन को लेकर लगी रही। खासकर शक्तिपीठ स्थल श्री बड़ी पटनदेवी, श्री छोटी पटनदेवी मंदिर के अलावा अगमकुआं स्थित श्री शीतला माता मंदिर में श्रद्धालुओं की लाइन दर्शन पूजन को लगी रही। महाअष्टमी को महागौरी की पूजा अर्चना कर आराधना की गई। साथ ही शक्तिपीठ स्थलों और बांगला पद्धति से पूजा करने वालों ने संधि पूजा भी किया। अनेक श्रद्धालुओं ने महाअष्टमी का व्रत रखा। वहीं अदरक घाट, हाजीगंज महावीर मंदिर के पास, गायघाट आदि मोहल्ले में स्थापित की गई भगवती दुर्गा और काली की प्रतिमा का दर्शन करने के लिए लोग निकले। कारण कि छठ पर्व का समापन हो चुका है। इसके बाद अब लोग निश्चिंतता के साथ आज भगवती की प्रतिमा के दर्शन को निकले। साथ ही मंदिरों में भी जाकर पूजा-अर्चना किया। श्री बड़ी पटनदेवी मंदिर में महंत विजय शंकर गिरी, विकास गिरी, श्री छोटी पटनदेवी मंदिर में अनंत अभिषेक द्विवेदी, विवेक द्विवेदी, श्री अगमकुआं स्थित श्री शीतला माता मंदिर में भी धार्मिक अनुष्ठान किया गया। वहीं बुधवार को श्रद्धालु भगवती दुर्गा देवी के नौवें स्वरूप सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना करेंगे। वह सब प्रकार का मंगल प्रदान करने वाली और सिद्धि देने वाली हैं। इसी दिन हवानादि और कन्या पूजन के साथ ही नवरात्र का अनुष्ठान पूरा हो जाएगा। गुरुवार को विजयादशमी के दिन अल सुबह से ही विभिन्न मंदिरों से लेकर घरों में स्थापित कलश का विसर्जन किया जाएगा। इसके बाद विभिन्न स्थानों पर स्थापित भगवती दुर्गा देवी की प्रतिमा का विसर्जन भी शुरू हो जाएगा। इधर प्राचीन काली मंदिर नीम घाट खाजेकलां में मुन्ना बाबा, दीरापर स्थित काली मंदिर में आचार्य शशिकांत मिश्रा, बिस्कोमान स्थित प्यारेलाल के बाग स्थित बुढ़िया माई मंदिर, शेरशाह रोड के तुलसी मंडी स्थित पीतांबरा देवी मंदिर, गुलजारबाग स्थित सर्वमंगला देवी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भी भक्तों की खासा भीड़ देखी गई। इधर मच्छरहट्टा गली स्थित श्री काले हनुमान मंदिर में पंडित राजेश मिश्रा, श्री संकट मोचन हनुमत मंदिर, श्री जल हनुमान मंदिर (बेगमपुर) में भी भक्तों के द्वारा दर्शन पूजन किए जाने का दौर जारी रहा।

## रामनवमी पर पुलिस प्रशासन की बंदिश व सख्ती के बीच शोभायात्रा आज



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

रामनवमी पर श्री राम जन्मोत्सव समिति और मेहंदीपुर वाले बालाजी परिवार सेवा संस्थान के द्वारा शोभायात्रा निकाला जाएगा। हालांकि पुलिस प्रशासन के अधिकारी व पदाधिकारी की सख्ती और बंदिश के बीच शोभायात्रा के आयोजकगण भी खासा परेशान हैं। लगातार सहायक आरक्षी अधीक्षक, आरक्षी उपाधीक्षक एवं थाना स्तर पर थानाध्यक्ष के द्वारा रामनवमी शोभायात्रा समिति के पदाधिकारी के साथ बैठक की जा रही है। इससे समिति के पदाधिकारी और सदस्यों में भी खासा नाराजगी है कि पिछले अनेक वर्षों से निकलने वाला शोभायात्रा के दौरान इतनी सख्ती और बंदिश कभी नहीं रही, जितना इस बार किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर रामनवमी को लेकर बाजार में खासा चहलकदमी है। श्रद्धालु पूजा के निमित पूजन सामग्री, फल, लड्डू, महावीर ध्वजा, बांस आदि की खरीदारी कर रहे हैं। वहीं विभिन्न हनुमत मंदिरों में भी तैयारियों को पूरा अंजाम दिया गया है। हनुमत मंदिरों को रंगीन रोशनी से सजाया-संवारा गया है और रंग-रोगन भी कर लिया गया है। कल सुबह से ही श्रद्धालुओं के कदम हनुमत मंदिर की ओर बढ़ना शुरू हो जाएगा। रामनवमी शोभायात्रा समिति के अध्यक्ष राजेश चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष प्रभाकर मिश्रा, विनय कुमार बिट्ठू, पूर्व पार्षद लल्लू शर्मा एवं मीडिया प्रभारी बाबू भाई ने बताया कि इस बार प्रशासन के द्वारा खासा सख्ती और बंदिश लगाई जा रही है। बार-बार यह बताया जा रहा है कि रामदेव महतो सभागार से हर हाल में अपराह्न तीन बजे शोभायात्रा को निकाल दिया जाए। यहां पर श्री हनुमान जी और श्री राम दरबार का पूजा होगा। हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। इसके बाद सजे-सजाए रथ पर उन्हें विराजित किया जाएगा। बैंड बाजा, विभिन्न तरह की झांकियां, कीर्तन मंडली के साथ शोभायात्रा यहां से प्रस्थान करेगी, जो गुरु गोविंद सिंह पथ, पटना साहिब स्टेशन रोड से होता हुआ मोर्चा रोड, पूरब दरवाजा, अशोक राजपथ के हाजीगंज, झाऊगंज, शहीद भगत सिंह चौक, खाजेकलां, गुरहट्,टा पश्चिम दरवाजा, बेलवरगंज, पुरानी सिटीकोर्ट से होता हुआ गायघाट स्थित गौरीशंकर मंदिर जाकर समाप्त होगा इस इस शोभा यात्रा में बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, सांसद रविशंकर प्रसाद, नगर निगम की डिप्टी मेयर रश्मि चंद्रवंशी सहित प्रमुख नेताओं, विधायकों के भाग लेने की संभावना जताई गई है। हालांकि महापौर सीता साहू के दोनों घुटने के सफल ऑपरेशन होने के बाद उनके लंबी दूरी तक चलना मुश्किल है, इसलिए उनके भाग लेने पर संशय कायम है। प्रवक्ता बाबू भाई ने बताया कि पुलिस प्रशासन के द्वारा कहा गया है कि अपराह्न 3 से 5 के बीच हर हाल में मोर्चा रोड, अपराह्न 5 से 6 के बीच चौक, सायं 6 से 7 बजे तक खाजेकलां और रात 7 से 8 बजे के बीच श्री गौरी शंकर मंदिर के पास जुलूस को पहुंच जाना है। रात दस बजे के बाद किसी भी परिस्थिति में लाउडस्पीकर, बैंड बाजा बजाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसलिए सारा आयोजन रात दस बजे तक समाप्त कर लेना है। दूसरी ओर श्री बालाजी परिवार सेवा संस्थान के द्वारा श्री बालाजी महाराज मेहंदीपुर की विराट एवं भव्य शोभायात्रा का आयोजन बुधवार को किया गया है। इसकी पहली संस्थापिका श्रीमती रीना अरोड़ा, राजीव अरोड़ा एवं राजेश राय ने बताया कि बेगमपुर स्थित श्री जल्ला हनुमान मंदिर में श्री बालाजी महाराज की पूजा-अर्चना और आरती के बाद यहां से जुलूस प्रारंभ होगा। यह पटना साहिब स्टेशन, मोर्चा रोड, अशोक राजपथ से होते हुए गायघाट स्थित श्री गौरी शंकर मंदिर तक जाएगा। यहां पर महाआरती के साथ शोभायात्रा का समापन हो जाएगा। वहीं इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में पुरुषों के साथ महिलाओं की अधिक भागीदारी होती है। वहीं 18 अप्रैल गुरुवार को सायं में संकट मोचन मार्ग मच्छरहट्टा गली में जागरण का आयोजन किया गया है। उसी दिन प्रसाद वितरण भी होगा। इधर बेगमपुर स्थित श्री जल्ला हनुमान मंदिर में अल सुबह हनुमान जी के दर्शन-पूजन के लिए पट खुल जाएगा। यहां संगीतमय सुंदर कांड का पाठ किया जाएगा। मध्याह्न 12 बजे हनुमान जी का पट बंद करने के बाद उनका जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस दौरान पूजा-अर्चना कर उन्हें भोग लगा कर आरती की जाएगी। इसके बाद ध्वज गाड़ा जाएगा। करीब आधा घंटा के बाद श्रद्धालुओं के दर्शन पूजन के लिए पट को खोल दिया जाएगा। मंदिर में प्रवेश के लिए उत्तर और दक्षिण के दोनों द्वार को श्रद्धालुओं के लिए खोला जाएगा। आयोजन की सफलता को लेकर ट्रस्ट से जुड़े और पुराने न्याय समिति के पदाधिकारीगण एवं हनुमान भक्त सक्रिय हैं।

## कांग्रेसियों का हृदय परिवर्तन, शोभायात्रा निकालेंगे, अन्य राम भक्तों का स्वागत करेंगे

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

अयोध्या में जब मयार्दा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी की का भव्य मंदिर का निर्माण कर उसमें श्री राम की भव्य प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा हो रहा था, तब आमंत्रित वरीय कांग्रेसी नेताओं ने कार्यक्रम से अपने को दूरी बना लिया था। मगर अब श्री राम में विश्वास करने वाले और लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेसी का मन बदल गया है। अब वह सब श्री राम जन्मोत्सव पर मोर्चा रोड स्थित पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के कार्यालय से शोभायात्रा निकालेंगे। इसका स्वागत कांग्रेसी नेता प्रवीण कुशवाहा के द्वारा किया जाएगा। साथ ही निकलने वाले शोभायात्रा में शामिल लोगों का भी स्वागत होगा। इस संबंध में चौक मालसलामी प्रखंड कांग्रेस के अध्यक्ष अभय जायसवाल, खाजेकलां आलमगंज प्रखंड कांग्रेस के अध्यक्ष शमीम अख्तर, कांग्रेसी नेता सुजीत कसेरा, डॉ विनोद कुमार अवस्थी एवं सम्राट अशोक फाउंडेशन की ओर से चुन्नू चंद्रवंशी ने जारी बयान में कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम जी के जन्मोत्सव पर मोर्चा रोड कांग्रेस कार्यालय से शोभायात्रा निकाली जाएगी। साथ ही इस रास्ते से गुजरने वाले अन्य शोभायात्रा का स्वागत इस विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी रहे प्रवीण कुशवाहा के द्वारा किया जाएगा। अपराह्न करीब डेढ़ बजे से सभी कांग्रेसी पदाधिकारी, सदस्य व कार्यकर्तागण मोर्चा रोड कार्यालय के पास जुटेंगे। जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस शुभ घड़ी के आप सभी गवाह बनें। इस कार्यक्रम का आयोजन कर हम और आप सबके अपने श्रीराम हैं। दरअसल उस समय कांग्रेसियों ने देश के प्रधानमंत्री और भाजपा के द्वारा आयोजन को हाईजैक करने का आरोप लगाया था। साथ ही श्री राम की प्रतिमा स्थापित और प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन को लेकर उससे दूरी बना लिया था, मगर अब जबकि लोकसभा का चुनाव चल रहा है, तब कांग्रेसियों को एक बार फिर श्री राम याद आ गए हैं और वह सब न केवल शोभायात्रा निकालने का, बल्कि अन्य आने वाले शोभायात्रा का स्वागत करने की भी ठानी है। यही नहीं, राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर से लेकर जिला और प्रखंड स्तर के कांग्रेसियों ने भी अयोध्या जाकर सरयू नदी में डुबकी लगाया। हनुमानगढ़ में हनुमान लला का दर्शन पूजन किया और फिर मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्म स्थान पर भी जाकर अपनी श्रद्धा निवेदित किया। इस लोकसभा चुनाव का अभियान चुनाव आयोग के द्वारा चल रहा है। ऐसे में मन से या वोट की खातिर कांग्रेसियों ने अगर जय श्री राम, जय-जय सियाराम कहते हुए अपनी श्रद्धा निवेदित कर रहे हैं, तो यह एक शुभ संकेत माना जा सकता है।

## गंगा नदी में नहाने के दौरान एक महिला के डूबने से हुई मौत

दानापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत नारियल घाट पर मंगलवार की अहले सुबह गंगा नदी में स्नान करने के दौरान एक महिला की डूब से हुई मौत इस संबंध में बताया जाता है की तकियापर की रहने वाली प्रतिमा देवी 51 वर्षीय सुबह घर वालों को बिना बताए महाअष्टमी को लेकर गंगा स्नान करने गंगा नदी गई थी। नहाने के दौरान वह गहरे पानी में चली गई, जिससे वह गंगा में डूब गई और उनकी मौत हो गई। महिला की डूबने की सूचना मिलते ही मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ इक्कठा हो गई। सूचना मिलते ही परिजन गंगा घाट पहुंचे। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वहां मौजूद स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी डायल 112 के साथ ही स्थानीय पुलिस दी। दानापुर पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दानापुर अनुमंडल अस्पताल भेज दिया। मृतका के पति राज कुमार ने बताया की सुबह जब वह उठे तो अपनी पत्नी को घर में नहीं पाया, जिसके बाद खोजबीन की तो पता चला को गंगा स्नान करने गई है। काफी देर तक घर नही पहुंची तब गंगा घाट पहुंच कर देखा तो पाया की घाट किनारे उनके कपड़े और पूजा का सामान पड़ा हुआ है, लेकिन उनकी पत्नी आसपास कही दिखाई नहीं दी। पास से गुजर रहे नाव में बैठे नाविक ने कहा की एक महिला की साड़ी दिखाई दे रहा है।

## एक्सिस बैंक ने अपने ओम्नी-चैनल शॉपिंग सेगमेंट का किया विस्तार

### एक्सिस बैंक शॉपर्स स्टॉप क्रेडिट कार्ड लॉन्च




प्रात :किरण संवाददाता

पटना। एक्सिस बैंक और देश के प्रमुख प्रीमियम फैशन, सौंदर्य तथा उपहार ओम्नी चैनल गंतव्यों में से एक शॉपर्स स्टॉप ने अपने सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड एक्सिस बैंक शॉपर्स स्टॉप क्रेडिट कार्ड के लॉन्च की घोषणा की। यह साझेदारी कार्डधारकों को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से खरीदारी का शानदार अनुभव प्रदान करेगी। एक्सिस बैंक के अध्यक्ष एवं प्रमुख- कार्ड एवं भुगतान, संजीव मोघे ने इस लॉन्च के मौके पर कहा, हमारे पास एक विस्तृत क्रेडिट कार्ड पोर्टफोलियो है और हम स्मार्ट तथा अद्वितीय उत्पाद प्रस्ताव पेश करने के लिए लगातार नवोन्मेष कर रहे हैं। नए ग्राहक वर्गों तक पहुंचने और उनकी बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने साझेदारी आधारित मॉडल का निरंतर निर्माण करते रहते हैं। इस सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड में बेहतरीन लाभ और खरीदारी पर तेजी से रिवॉर्ड प्रदान करने समेत कई अन्य फायदेमंद फीचर हैं

और साथ ही ईंधन अधिभार छूट की सुविधा, मजेदार डाइनिंग प्रिविलेज और कई अन्य सुविधाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस सहयोग के तहत बैंक के नवोन्मेषी वित्तीय समाधान, देश भर में व्यापक शाखा नेटवर्क तथा भौगोलिक पहुंच और शॉपर्स स्टॉप के मजबूत नेटवर्क तथा इसके 9.8 मिलियन फर्स्ट सिटीजन्स क्लब सदस्यों की तादाद का लाभ उठाया जाएगा।

## रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से कराया अवगत



प्रात :किरण संवाददाता

हाजीपुर । मुख्यालय, हाजीपुर में 04 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया । महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे । विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं ।

## युद्ध नहीं, बुद्ध की नीति को अपना हर देश करेगा विकास

- विश्वबंधुत्व की भावना के पोषक थे चक्रवर्ती सम्राट अशोक

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



महान शक्तिशाली सम्राट अशोक, जिनका दूसरा नाम देवानांदप्रिय था, उन्होंनें सबके कल्याण के लिए जीवनपर्यंत कार्य किया। उनका कहना था आत्म कल्याण ही मुक्ति का श्रेष्ठ मार्ग है। वह एक लोक शिक्षक भी थे। शिक्षा के प्रति गहरा लगाव के कारण उनके शासनकाल में 23 विश्वविद्यालयों की स्थापना हुई, जहां विश्व के छात्र यहां पढ़ने आते थे। नालंदा इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। यह बात मंगलवार को राजकीयकृत मारवाड़ी उच्च माध्यमिक विद्यालय में सम्राट अशोक की जयंती पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के प्राचार्य राजीव रंजन ने कही। मंच संचालन जितेंद्र कुमार पाल ने, जबकि धन्यवाद ज्ञापन नेक आलम ने किया। मौके पर डॉ शीला कुमारी, नितिन कुमार वर्मा, विक्रम कुमार सिंह आदि ने विचार व्यक्त किए। दूसरी ओर सम्राट अशोक विचार मंच पाटलिपुत्र के बैनर तले चक्रवर्ती सम्राट अशोक की जयंती बाहरी धवलपुरा के कुशवाहा पंचायत बैठका में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के संस्थापक अध्यक्ष अजय मेहता ने करते हुए कहा कि सम्राट अशोक का जन्म इसी पाटलिपुत्र की धरती पर हुआ और उन्होंने अखंड भारत के सपना को पूरा किया। क्षेत्र की विस्तारवाद नीति को अपनाया और शिक्षा व समानता के साथ पड़ोसी राज्यों के साथ शांति व्यवस्था कायम करने में अहम भूमिका अदा की। उन्होंने शिक्षा के लिए अनेक विश्वविद्यालय खुलवाए और अपने संविधान को शिलालेख के माध्यम से अनेक जगहों पर लगाने का काम किया। आज भी सम्राट अशोक का नाम और उनके द्वारा अपनाए गए भगवान बुद्ध के विचार अनेक देश में अपनाया जा रहा है। बौद्ध की शरण लिये। वर्तमान सरकार भी और साथी देश भी यह मानने को मजबूर हैं कि अगर देश की प्रगति की ओर बढ़ता है, तो युद्ध नहीं बुद्ध की नीति को अपनाना पड़ेगा। आयोजन में प्रमोद कुमार, संजीव कुमार, संदीप कुमार, प्रेम मौर्य, राहुल कुमार, आशीष कुमार, मनोज कुशवाहा, पवन मेहता, सुजीत कुमार सहित आदि ने सम्राट अशोक के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। धन्यवाद ज्ञापन जयप्रकाश मेहता ने किया।

## पटना : तख्त हरमंदिर साहिब में डॉ. बासू ने किया 500 से अधिक मरीजों के नेत्र का मुफ्त इलाज

प्रात :किरण संवाददाता



पटना ,बिहार की राजधानी पटना में तख्त श्री हरमंदिर साहिब में जानेमाने नेत्र विशेषज्ञ प्रो. डॉ. महेंद्र बासू ने आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से 500 से अधिक मरीजों के नेत्र की निःशुल्क जांच और इलाज करने के साथ ही रोगियों के बीच मुफ्त दवाइयों का भी वितरण किया। आयुर्वेद क्षेत्र की प्रसिद्ध कंपनी जगत फार्मा के संस्थापक और बिना ऑपरेशन के आयुर्वेदिक पद्धित से पिछले 42 साल से मोतियाबिंद का सफल इलाज कर रहे डॉ. बासू के नेत्र चिकित्सा शिवर का आयोजन तख्त श्री हरमंदिर साहिब, पटना सिटी के परिसर में किया गया। इस शिवर में डॉ. बासू ने आंख की अलग-अलग समस्याओं से जूझ रहे 500 से अधिक मरीजों की जांच और उनका निःशुल्क इलाज किया। साथ ही रोगियों को मुफ्त में आवश्यक दवाइयां भी दी गईं। उत्तर प्रदेश रत्न से सम्मानित डॉ. बासू ने बताया कि उनकी चिकित्सा पद्धित की खास बात यह है कि बिना शल्य चिकित्सा के वह नेत्र संबंधी रोग ग्लूकोमा, रेटिनाइटिस, पिग्मेंटोसा, कैटरेक्ट्स, डायबिटिक रेटिनोपैथी एवं अन्य का सफल इलाज करते हैं। उन्होंने बताया कि रेटिना का आजतक पूरी दुनिया में कोई इलाज नहीं है लेकिन उनकी पद्धित से इससे संबंधित रोग का भी इलाज संभव है। डॉ. बासू ने बताया कि वह ह्यब्लाइंडनेस फ्री वर्ल्डह्व के मूल मंत्र के साथ पिछले 42 वर्षों से लोगों की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि यदि किसी की दृष्टि चली गई है तो उनके इलाज से पांच मिनट में दृष्टि वापस आ जाती है और अगले चार से पांच महीने इलाज के बाद रोगी को अंधापन से बचाया जा सकता है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

# घर-घर भगवा आएगा के उद्घोष के साथ श्री राम का जन्म दिवस मनाया गया

## बजरंग दल आर एस एस एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने हाथी घोड़ा एवं रथ को सजाकर शोभा यात्रा निकाला

प्रात : किरण संवाददाता

तारापुर। रामनवमी के एक रोज पूर्व बुधवार के दिन तारापुर थाना क्षेत्र के बिहमा बगीचा से तारापुर सुल्तानगंज सड़क मार्ग के रास्ते रत्नेश्वर नाथ महादेव रणगांव तक बजरंग दल, आरएसएस, एवं भाजपा के कार्यकतार्ओं ने भगवान राम का भव्य शोभायात्रा निकालकर हसोउल्लास के साथ जय श्री राम जय श्री राम एवं घर-घर भगवा आएगा का उद्घोष के साथ श्री राम का जन्म दिवस मनाया ।

गौरतलब है कि शोभायात्रा के मौके पर भारी संख्या में मुख्य रूप से युवा वर्ग मौजूद थे । सभी के माथे में भगवा गमछा, एवं भगवा झंडा, के साथ-साथ सजाए गए रथ पर श्री राम जी के भेष में छोटे-छोटे बच्चे को देखने



को लेकर लोगों की भी टूट पड़ी । सजावट में छोटे बच्चे आकर्षण का केंद्र रहा । तारापुर के धौनी, राधा गोविंद ठाकुरबारी , शहीद चौक , सरकारी बस स्टैंड, उर्दू चौक, फजेली गंज , बंशीपुर , रणगांव ,के बीच जगह-जगह शहर के व्यवसायियों,समाजसेवियों ,बुद्धिजीवियों, ने शर्बत ,ठंडा जल , इत्यादि की निशुल्क व्यवस्था किया था । शोभायात्रा में चल रहे लोगों ने इन सभी चीजों का भरपूर आनंद उठाया ।शोभायात्रा के साथ बैंड बाजे , घोड़ा , एवं ध्वनि विस्तारक लाउडस्पीकर पर बज रहे भगवान श्री राम के गीतों पर युवा पूरे रास्ते थिरकते रहे ।शोभायात्रा को लेकर अनुमंडल के पुलिस प्रशासन मजिस्ट्रेट एवं भारी संख्या में पुलिस बल शोभायात्रा के साथ पैदल चल रहे थे । इस शोभा यात्रा में बजरंग दल के जिला सह संयोजक गौतम कुशवाहा विधायक राजीव कुमार सिंह इंजीनियर रोहित चौधरी भाजपा के वरिष्ठ नेता जयराम विप्लव इंजीनियर धर्मवीर मनमोहन चौधरी दिवाकर सिंह मंगल सिंह अगम सिंह , सहित बीजेपी बजरंग दल के हजारों से अधिक कार्यकर्ता श्री राम के शोभायात्रा में साथ पैदल चल रहे थे ।

## संक्षिप्त खबरें

### 5 लीटर कच्ची शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

बरियारपुर (मुंगेर) । बरियारपुर थाना गस्ती दल ने रात्री गश्ती के क्रम में बरियारपुर सुल्तानगंज मुख्यमार्ग पर पॉच लीटर कच्चे शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है।पुछ-ताछ के क्रम मे अपना नाम धर्मेन्द्र कुमार मंडल बताया जो मूल निवासी नीरपुर गांव के रहने वाले है। इस सम्बन्ध मे पुलिस निरीक्षक सह थाना अध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि इसकी सुचना हमे पूर्व से प्राप्त था, परन्तु समय निर्धारित नहीं होने से यह पुलिस के पकड़ से बाहर चल रहा था। सोमवार की रात्रि गुप्त सूचना मिलने के बाद रात्री गश्ती दल इसे धर दबोच लिया ।सभी कानूनी प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद इस न्याय की रास्त में जेल भेज दिया गया है।

### रामनवमी के मौके पर निकाला गया शोभा यात्रा

बरियारपुर (मुंगेर) ।चैत रामनवमी के पूर्व अष्टमी के दिन बजरंग दल के उपाध्यक्ष दिलीप कुमार चौधरी के नेतृत्व में मोटरसाइकिल शोभायात्रा निकल गई ।यह शोभा यात्रा बरियारपुर थाना क्षेत्र के आशा टोला गांव से चलकर घोरघट पुल तक पहुंचा और फिर वहां पर से वापस आशा टोला पहुंच कर बरियारपुर के काली स्थान गया ।इस शोभा यात्रा में25 मोटरसाइकिल सवार ने जय श्री राम के जय घोषणा करते हुए देखा गया। वही डीजे की धुन पर राम भक्त ने नाचते हुए लोगों के बीच शोभा पा रहे थे। बरियारपुर प्रखंड क्षेत्र में चैती नवरात्रा की अष्टमी पूजा को लेकर महिला श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दुर्गा मंदिर में लगाहुआ है।

### गर्मी में बिजली की बेवफाई से उपभोक्ता हो रहे हैं परेशान

सदर मुंगेर ।मंगलवार को लगभग 9 बजे सुबह से शाम 5 बजे तक बिजली गुम हो जाने से उपभोक्ता काफी परेशान दिखे।वहीं उपभोक्ता संजय कुमार, अरुण शर्मा, अनिल वर्मा, कल्याणी कुमारी द्वारा बताया गया कि इन दोनों इस भीष्म गर्मी में बिजली की काफी समस्या उत्पन्न हो गई है।कई घंटे तक बिजली गुम हो जाती है। बिजली नहीं रहने से हम सभी क्षेत्रवासी को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।इनमें सबसे बड़ी समस्या पानी की होती है बिजली नहीं रहने के कारण पानी के लिए लोग त्राहिमाम हो जाते हैं। बढ़ती गर्मी बिजली रानी की बेवफाई उपभोक्ताओं के साथ करना शुरू कर दी है। सरकार द्वारा 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने की बात पर अब कोरा कागज साबित होने लगा है है।

### 40 लीटर देशी शराब के साथ कारोबारी हुआ गिरफ्तार

नवगछिया (भागलपुर) ।भवानीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोसी इलाके में कपुर्री तटबंध स्थित कुशाहा गॉव के पास भवानीपुर पुलिस ने गुप्त सुचना पर खगड़ियॉ जिले के पसराहा थाना क्षेत्र के कमरी के शराब तस्कर मो. अहमद को हिरो कंपनी की सुपर स्पेलेन्डर मोटर साइकिल संख्या बी आर 39 एस 8101 पर अवैध तरीके से 40 लीटर देशी शराब की व्यवसाय को गिरफ्तार किया है ।उक्त मामले की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर महेश कुमार ने कहा कि शराब बरामदगी के बाद धंधेबाज के विरुद्ध मध निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।जिसे मेडिकल जांच के साथ ही न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### देशी कट्टे के साथ फोटो वायरल मामले में युवक हुआ गिरफ्तार

नवगछिया (भागलपुर) ।विगत विगत 14 अप्रैल की देर शाम एक युवक द्वारा हाथ में देशी कट्टा लहराते हुए शोशल मीडिया वेब साइट पर एक फोटो साझा कर वायरल किया गया था। उक्त मामले में झंडापुर थाना पुलिस ने वायरल फोटो के सत्यापन हेतु त्वरित कार्यवाई करते हुए उक्त युवक की पहचान कर उसके घर के समीप ही गिरफ्तार कर लिया गया है।युवक की गिरफ्तारी को लेकर झंडापुर थाना के थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि गिरफ्तार युवक झंडापुर नवटोलिया के राजा कुमार पिता सिपाही यादव के रूप में पहचान की गई।जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है, गिरफ्तार राजा की निशानदेही पर उसके घर मे रखे एक संदूक से लोडेड देशी कट्टा बरामद हुआ है।

### खेत में अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से मची अफरा-तफरी

दिनारा (रोहतास) स्थानीय पुलिस ने एक अधेड़ व्यक्ति का शव किया बरामद। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एक अधेड़ व्यक्ति का शव थाना क्षेत्र के भानपुर सिवान के खेत में सड़ा-गला अवस्था में पाया गया। जिस घटना की सूचना आसपास के लोगों ने स्थानीय पुलिस को दी। सूचना के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया। साथ ही स्थानीय पुलिस ने अधेड़ व्यक्ति के शव को थाना लाकर कानूनी पंचनामा तैयार किया ।इस संबंध में थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के भानपुर सिवान के खेत से सड़ा गला करीब 52 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति का शव पुलिस ने बरामद किया ।

# तारापुर विधानसभा क्षेत्र का 3 लाख 39 हजार मतदाता जमुई सांसद के लिए निर्णायक साबित होंगे

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। लोकसभा चुनाव 2024 में मुंगेर जिला के मतदाताओं को दो सांसद चुनने का सौभाग्य प्राप्त 2009 से हो रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 2009 के परिसीमन के बाद मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर विधानसभा को विलोपित कर दिया गया। अब जिले में तारापुर मुंगेर जमालपुर विधानसभा क्षेत्र बनाए गए हैं। नए परिसीमन के तहत तारापुर विधानसभा क्षेत्र को अलग कर जमुई लोकसभा क्षेत्र में शामिल कर दिया गया है। इससे मुंगेर जिले का कर प्रखंड तारापुर असरगंज संग्रामपुर टेटिया बम्बर और हवेली खड़गपुर नगर परिषद क्षेत्र को जमुई लोकसभा क्षेत्र में जोड़ा गया है।

वहीं हवेली खड़गपुर प्रखंड के 11 पंचायत को जमालपुर विधानसभा क्षेत्र से जोड़ा गया है। 11पंचायतों के मतदाता जहां मुंगेर सांसद के लिए मतदान करेंगे वहीं हवेली खड़गपुर अनुमंडल क्षेत्र के टेटिया बम्बर प्रखंड के सात और नगर परिषद हवेली खड़गपुर क्षेत्र के 25 वार्ड जमुई सांसद के लिए वोट करेंगे। तारापुर विधानसभा में 03 लाख 39हजार 02 सौ 20 मतदाता है जिसमें एक लाख 81हजार 300 पुरुष है एवं 1 लाख 58 हजार 000 महिला मतदाता है। मतदाताओं के संख्या की दृष्टि से देखा जाए 3 लाख 39 हजार 220 मतदाता जमुई लोकसभा सांसद के चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाएंगे। जमुई लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत 06 विधानसभा क्षेत्र आते हैं जिसमें जमुई तारापुर सिकंदरा झाझा चकाई एवं शेखपुरा आदि शामिल है । जमुई संसदीय क्षेत्र में 19 अप्रैल को चुनाव होना हैं। चुनाव को लेकर मुंगेर जिला प्रशासन और जमुई जिला प्रशासन की संयुक्त तैयारी पूरी कर ली गई है। प्रत्याशी प्रचार प्रसार में लागा हुआ। परिसीमन के बाद मुंगेर जिले के मतदाता दो पाट में बंट कर मुंगेर एवं जमुई के संसद के लिए मतदान करते थे।

एसी स्थिति 1957 ईस्वी में थी। उस वक्त मतदाता मुंगेर नॉर्थ और वेस्ट एवं साउथ ईस्ट के लिए सांसद का चुनाव करते थे । 1967से मुंगेर लोक-सभा सीट एक हो गया और एक ही संसद का चुनाव होने लगा। लेकिन 2009 ईस्वी में परिसीमन केबाद मुंगेर जिले का मतदाता और जमुई के मतदाता दो पाटों में बंट गए।

# प्रखंड के कई मंदिरों में स्थापित की गई दुर्गा की प्रतिमा, मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। सोमवार की संध्या वासंतिक नवरात्र के सातवें दिन यानी सप्तमी को प्रखंड के कई दुर्गा मंदिरों में माँ जगत जननी की प्रतिमा को अंतिम रूप देकर स्थापित किया गया। माँ भगवती की पूजा अर्चना हेतु मंदिरों में प्रतिमा स्थापना के साथ कई प्रकार के धार्मिक आयोजन भी किये गए। वहीं मंगलवार को महाअष्टमी के शुभ अवसर पर माँ के दर्शन पाने व आराधना के लिए हजारों श्रद्धालु मंदिरों में पहुँचे । श्रद्धालुओं ने पूरे भक्ति भाव से माँ की आराधना की और सुख समृद्धि की कामना की। संग्रामपुर प्रखंड अन्तर्गत संग्रामपुर मुख्य बाजार, लक्ष्मीपुर, चंदनियां एवं नवगांई में माँ जगतजननी की प्रतिमा स्थापित की गई है। वहीं वैष्णव दुर्गा



मंदिर लक्ष्मीपुर में सप्तमी के दिन माता की प्रतिमा को प्राण प्रतिष्ठा प्रदान करने के बाद तीन दिनों का भव्य मेला आयोजित किया गया है, साथ ही साथ नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा भी प्रगति पर है जिसका आयोजन वासंतिक नवरात्र के प्रथम दिन हुआ था जिसमें वृन्दावन से कथा वाचिका राधा किशोरी जी का आगमन हुआ था। वहीं महाअष्टमी की कथा धर्म शास्त्रों के अनुसार यह है की जब कठोर तपश्या के उपरांत माँ भगवती का वर्ण काला पड़ गया था तब भगवान शिव ने प्रसन्न होकर उनके शरीर को पवित्र गंगाजल से धोया जिसके उपरांत माँ का शरीर अत्यंत कांतिमान और गौर हो उठा , उसी समय से माँ का नाम महागौरी पड़ा।

माता महागौरी वृषभ पर सवार रहती हैं ,ऐसी मान्यता है कि मां महागौरी की पूजा अर्चना करने से सभी प्रकार की मनोकामनाएं पूरी होती है । वहीं प्रखंड में मेला, रामकथा व अन्य आयोजनों से बाजार में भी तेजी देखी जा रही है। वहीं बुधवार के दिन रामनवमी को लेकर भी कई तरह का आयोजन किया जाना है जिसकी तैयारी भी जोर - शोर से चल रही है । वहीं पूरे प्रखंड में वासंतिक नवरात्र को लेकर लोग अति प्रसन्न हैं और सभी अपनी सुख - समृधि की कामना माँ भगवती से कर रहे हैं।

# बरियारपुर प्राथमिक विद्यालय का मध्य विद्यालय में हुआ विलय

प्रात : किरण संवाददाता

बारियारपुर (मुंगेर )। शिक्षा विभाग की उदासीनता के कारण भवनहीन प्राथमिक विद्यालय का विलय बगल के विद्यालय में कई माह पूर्व बीते हुए वर्ष में हो जाना था। बार-बार प्राथमिक विद्यालय त्रिवेणी यादव टोला रहिया विद्यालय की प्रधानाध्यापिका निशा चंद्रा के द्वारा शिक्षा विभाग से पत्राचार के बाद वर्ग प्रथम से लेकर वर्ग पंचम तक नामांकित 120 बच्चों का विद्यालय का विलय मध्य विद्यालय दीवानी टोला में कर दिया गया। मामला सदर प्रखंड के तारापुर दियारा पंचायत का है। उक्त पंचायत के पूर्व मुखिया बमबम चौधरी की उपस्थिति में प्राथमिक विद्यालय त्रिवेणी यादव टोला रहिया के प्रधानाध्यापिका निशा



चंद्रा ने मध्य विद्यालय दीवानी टोला के प्रधानाध्यापक को विद्यालय का प्रभार आज मंगलवार को सौंप दिया। इसके साथ ही दोनों विद्यालय एक हो गए। दोनों विद्यालय के एक होने पर मध्य विद्यालय के 202 छात्र एवं प्राथमिक विद्यालय के 120 छात्र कुल 322 छात्रों की शिक्षा मध्य विद्यालय दीवानी टोला के नेतृत्व में होगी। विदित हो कि प्राथमिक विद्यालय त्रिवेणी यादव टोला का संचालन मध्य विद्यालय दीवानी टोला में ही हो रहा था। लेकिन दोनों ही विद्यालयों का संचालन अलग-अलग किया जा रहा था।

# जिला खेल संघ के द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का किया भव्य आयोजन

भागलपुर। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने एवं आगामी 26 अप्रैल को शत प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर स्थानीय जिला खेल पदाधिकारी भागलपुर एवं जिले के सभी खेल संघों के सदस्यों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली की शुरूआत सैंडिश कंपाउंड खेल मैदान प्रांगण से की गई थी। सभी खेल संघ से आए दर्जनों खिलाड़ियों ने इस अभियान में बढ़ चढ़कर भाग लिया। सैंडिश कंपाउंड मैदान प्रांगण से रैली निकलकर तिलकामांझी चौक के होते हुए कटहलबाड़ी चौक के रास्ते पुनः सैंडिश कंपाउंड मैदान में पहुंच कर समाप्त हुई। रैली में जिले के सभी खेल संघ के अध्यक्ष एवम सचिव शामिल थे।

# प्रथम, द्वितीय व तृतीय मतदान पदाधिकारी को दिया गया द्वितीय चरण में प्रशिक्षण : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिले के कुल 3416 मतदान पदाधिकारी को द्वितीय चरण में प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षक द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मतदान पदाधिकारी को प्रशिक्षण हेतू शामिल किया गया हैं। प्रशिक्षक द्वारा सभी पदाधिकारी को मतदान करने के लिए द्वितीय चरण में प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान प्रशिक्षक द्वारा ईवीएम संचालन से संबंधित अन्य तकनीकी जानकारी दी गई। साथ ही सीयू से बीयू एवं वीवीपेट को जोड़ने की भी तकनीकी जानकारी दी गई है। साथ ही वीवीपेट से संबंधित जानकारी दी




गई है। वही प्रशिक्षक द्वारा वीवीपेट को प्रकाश में या सूर्य की रोशनी से बचा कर रखने को कहा गया है। वही मतदान को लेकर प्रातः 5:30 से 7:00 बजे तक पोलिंग एजेंट की मौजूदगी में मॉक पोल करवा लेने एवम् प्रत्येक 2 घंटे पर सेक्टर को तथा कंट्रोल रूम को मतदान प्रतिशत से अवगत कराते रहने को बताया गया है। मतदान केंद्र के करीब दो सौ मीटर तक की परिधि में मतदाता, मतदान कर्मी, मतदान अभिकर्ता, पुलिस बल एवं मतदान से संबंधित अधिकारी तथा निर्वाचन आयोग के द्वारा प्राधिकृत किए गए किए व्यक्ति ही रह सकते हैं। वही इस दौरान वोटिंग कंपार्टमेंट में मतदाता के अलावा कोई भी अन्य मौजूद नहीं रहेगा। मतदान केंद्र के बाहर मतदाताओं को सुविधा के लिए हेल्प डेस्क लगेगा। साथ ही संध्या 6:00 बजे के पहले जितने मतदाता लाइन में लगे रहेंगे, उन्हें कतार में सबसे पीछे व्यक्ति को क्रमशः एक से शुरू करते हुए पर्ची दिया जाएगा। वही प्रशिक्षण को लेकर जिले के सात केंद्र व कहलगांव में एक प्रशिक्षण केंद्र बनाए गए हैं जहां पर संबंधित पदाधिकारी को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान प्रशिक्षण में जिला स्कूल, मारवाड़ी पाठशाला, बालिका उच्च विद्यालय खरमनचक, सीएमएस हाई स्कूल, मुस्लिम उच्च विद्यालय, मुस्लिम इंटर कॉलेज, एसएम कॉलेज एवम् एनटीपीसी कैंपस कहलगांव सहित अन्य विद्यालय कर्मी शामिल थे।

# स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार को लेकर बैठक हुई सम्पन्न : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में स्वास्थ्य व्यवस्था में गुणवत्ता सुधार को लेकर सिविल सर्जन एवं आईएमए के अध्यक्ष एवं अन्य चिकित्सकों के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक के क्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि चिकित्सा व्यवस्था का एक प्रोटोकॉल होता है, जिसे मेडिकल कॉलेज के दीवार पर प्रिंट कर दिया जाए साथ ही प्रत्येक सप्ताह में पांच मरीज का मेडिकल बोर्ड होना चाहिए, जिसमें नए चिकित्सकों को सीखने का मौका मिलता है। साथ ही उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज एवं सदर अस्पताल में समय सारणी का अनुपालन किया जाय यदि कोई मशीन खराब है, तो उनके लिए लगातार



बीएमएसआईसीएल को निरंतर पत्र लिखा जाय, ताकि साक्ष्य आपके पास उपलब्ध रहे, वही उन्होंने सुरक्षा के संबंध में ध्यान केंद्रित कर कहा कि सिक्योरिटी गार्ड को निर्देशित किया जाय की सुरक्षा व्यवस्था में चुक हुई तो उन्हें टर्मिनेट किया जायेगा, साथ ही पूरे परिसर में सीसीटीवी लगवाया जाय और यदि कहीं असामाजिक तत्व दिखाई देते हैं, तो उनका फुटेज जिला प्रशासन को भेज दी जाय, ताकि उन पर त्वरित कार्रवाई हेतु एसएसपी को भेजा जा सके। वही उन्होंने कहा कि नर्सिंग होम पब्लिक क्लीनिक का रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। इससे वहां की चिकित्सा व्यवस्था का मानक बढ़ेगा। बैठक के क्रम में डॉ. अभिषेक ने बताया कि यहां की नर्सिंग सिस्टम अन्य राज्यों की तुलना में कमजोर है, कई एएनएम, जीएनएम ड्यूटी नहीं करना चाहती है, जिसके कारण सेकेंड लाइन की चिकित्सा व्यवस्था कमजोर पड़ जाती है। वही जिलाधिकारी ने ऐसे एएनएम, जीएनएम को चिन्हित कर बर्खास्तगी की कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया है। इस मौके पर सहायक समादेस्टा गरिमा लोहिया, संयुक्त निदेशक जनसंपर्क नागेंद्र कुमार गुप्ता सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

# वरिष्ठ नागरिक व दिव्यांग मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलट से होगा मतदान : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर।26 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत अनुपस्थित होने वाले अनुपस्थित वोटर दिव्यांग पीडब्लूडी वोटर्स ( अश्ढऊ) एवं 85 वर्ष से अधिक उम्र वाले वरिष्ठ नागरिकों ( अशरउ) के मतदान हेतु 17 अप्रैल एवं 18 अप्रैल 2024 को तिथि निर्धारित की गई है। इसके लिए अनुपस्थित होने वाले पीडब्लूडी तथा 85 वर्ष से ऊपर के मतदाता द्वारा भरे 12 डी प्रपत्र में दिए गए मोबाइल नंबर पर एसएमएस द्वारा मैसेज दिया जाएगा, या संबंधित बीएलओ द्वारा सूचित किया जाएगा। उक्त बाबत हेतु कुल 34 मतदान दलों की नियुक्ति की गयी है, जिनमें 152 बिहपुर अंतर्गत 6 मतदान दल, 153 गोपालपुर अंतर्गत 07 मतदान दल, 154-पीरपैंती अंतर्गत 4 मतदान दल,155 कहलगाँव अंतर्गत 6 मतदान दल, 156 भागलपुर अंतर्गत 04 मतदान दल,157 सुल्तानगंज अंतर्गत 04 मतदान दल एवम् 158 नाथनगर अंतर्गत 3 मतदान दल बनाया गया है।



# मतदाता जागरूकता को लेकर निकाली गई रैली : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में अधिक से अधिक मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने को लेकर समाहरणालय परिसर से भारत स्काउट एंड गाइड, एन.सी.सी. तथा मोक्षदा, नवस्थापित जिला स्कूल, बालिका उच्च विद्यालय, मारवाड़ी पाठशाला, क्राइस्ट चर्च, बालिका झुनझुनवाला, डाइट सहित भागलपुर स्थित विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली समाहरणालय परिसर से चलते हुए मनाली चौक के रास्ते आदमपुर चौक होते हुए घंटा घर समीप कॉलेज आफ टीचर्स एजुकेशन के परिसर में एकत्रित हुई जहां रैली को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह



जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी द्वारा हरी झंडी दिखाकर क्षेत्र में रवाना किया गया। रैली को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि आज भारत स्काउट एंड गाइड, एनसीसी एवं भागलपुर के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के द्वारा रैली निकाली जा रही है, और जिनकी उम्र छोटी होती है, जिनका वोटर लिस्ट में नाम नहीं है वो उनको जागरूक कर रहे हैं, जिनका नाम वोटर लिस्ट में है, लेकिन मतदान करने से वंचित हो पीछे चल रहे है। वैसे युवा हमारे देश के विकास में एक बेहतर व कुशल नेतृत्व वाले सिपाही हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि हमें अपने परिवार के सभी मतदाताओं को जागरूक करना है, उन्हें कहना है 26 अप्रैल को निश्चित रूप से मतदान करें। उन्होंने सभी से नारा लगवाया "वोट करेगा भागलपुर" और "चूल्हा चौका छोड़कर दीदी आओ चलें अपना मतदान करें"। इस मौके पर उपविकास आयुक्त कुमार अनुराग, संयुक्त निदेशक जनसंपर्क पदाधिकारी नागेंद्र कुमार गुप्ता, अनुमंडलाधिकारी धनंजय कुमार, डीपीओ एसएसए जमाल मुस्तफा, डीपीओ माध्यमिक शिक्षा नितेश कुमार, स्काउट एंड गाइड के सचिव प्रवीण कुमार झा एवम लगभग दर्जनों छात्र छात्राओं की मौजूदगी रही थी।

# एक बाइक सवार व ग्रामीण मां-बेटी सहित चार अन्य को रौंद, पिकअप छोड़ चालक हुआ फरार

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। इन दिनों क्षेत्र इलाके में रामनवमी को लेकर जगह जगह मंदिरों में पूजा अर्चना करने वाले लोगों का तांता लगा हुआ है। इसी कड़ी में झंडापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 31 महंत बाबा स्थान चौक के समीप तेज रफ्तार एक पिकअप वाहन चालक ने एक बाइक सवार व मार्ग पर पैदल जा रहे एक मां-बेटी सहित अन्य चार राहगीर ग्रामीणों को रौंद दिये जाने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार भवानीपुर थाना क्षेत्र के नारायणपुर कुसाहा के मुकेश शर्मा के पुत्र जिशन कुमार 21 वर्ष और सड़क किनारे पूजा करने पैदल जा रही माँ-बेटी भ्रमरपुर गांव की अंजली देवी पति शशिकांत मिश्रा 55 वर्ष, अन्नू कुमारी 22 वर्ष और बिहपुर नन्हकार के फुचो दास पिता राजेंद्र दास 35 वर्ष गंभीर रूप से जख्मी व घायल हो गये है। वही घटना स्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी के अनुसार पटना से बांका जा रही एक पिकअप वाहन रजिस्ट्रेशन नं. बीआर 01 जीजी 4623 काफी तेज व रफ्तार में थी, और उक्त पिकअप पर फर्नीचर का सामान लदा हुआ था। तभी अचानक महंत बाबा चौक से करीब दो सौ मीटर आगे स्थानीय गैस एजेंसी के समीप बिहपुर से नारायणपुर की ओर जा रहे एक बाइक सवार को पिकअप चालक ने सामने से जोरदार धक्का मार दी। वही धक्का लगते ही बाइक सवार दूर जा गिरा था, जबकि धक्का लगने के बाद पिकअप चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया और सड़क किनारे पैदल स्थानीय भोलानाथ मंदिर मरवा में पूजा करने जा रही मां-बेटी सहित चार लोगों को ठोकर मार पीछे से रौंद दिया। इस इस घटना के बाद चारों ग्रामीण घायलावस्था में सड़क पर तड़प रहे थे।

तभी अन्य लोगों के द्वारा घटना की सूचना स्थानीय थाना पुलिस को दी। वही घटना की सूचना मिलते ही त्वरित गति में झंडापुर थाना की पुलिस सदलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच सभी घायलों का त्वरित इलाज हेतू चेकपोस्ट पर तैनात जवानों के सहयोग से सभी घायलों को आनन फानन में बिहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेजाया गया। जहां सीएचसी में ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने चारो घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद जिशन कुमार, अंजली देवी और अनु कुमारी की गंभीर हालत को देखते हुए उच्च स्तरीय जांच व बेहतर इलाज के लिए जेएलएनएमसीएच भागलपुर रेफर कर दिया। वही फुचो दास का इलाज बिहपुर सीएचसी में चल रहा है। वही दूसरी तरफ मायागंज अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में इलाज के दौरान भ्रमरपुर की अनु कुमारी पिता शशिकांत मिश्रा 22 वर्ष की मौत हो जाने की सूचना सामने आई है। जबकि वही दो मरणासन्न स्थिति में सर्जरी वार्ड में एक बिहपुर सीएचसी में इलाजरत है। वही दूसरी ओर घटना के बाद से पिकअप वाहन को छोड़ चालक मौके से भागने में सफल हो गया था। जबकि पुलिस से तत्परता दिखाते हुए पिकअप को जप्त कर लिया है। और फरार पिकपवाहन चालक के संबंधित जानकारी प्राप्त करने में जुट गई हैं।

**घटना के बाद घर परिवार सहित गांव में मातम का माहौल व पसरा सन्नाटा:** घटना के बाद सूचना मिलते ही सभी घायलो के परीजन स्वजनों की भीड़ रोते बिलखते अस्पताल पहुंचते दिख रहे थे। वही मृतिका युवती को लेकर बताया जा रहा है कि मृत युवती अन्नू कुमारी की शादी आगामी एक मई को होना सुनिश्चित था। मृतिका के घरवाले शादी की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई थी। घटना की सुबह दोनो मां-बेटी बिहपुर के मरवा स्थित बाबा ब्रजलेश्वरनाथ धाम जल चढ़ाने पैदल जा रही थी।

तभी महंत बाबा चौक समीप हादसे का शिकार हो गई थी। एक पल में खुशियां मातम में बदल गई। मृतका के घर मातम के माहौल में तब्दील हो गई। घटना के बाद से पूरे गांव इलाके में सन्नाटा पसरा हुआ है। सभी परिवार के साथ साथ शुभचिंतक भी रोते बिलखते अस्पताल पहुंचते दिखे तो वही स्थानीय बरारी थाना पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम प्रक्रिया पूर्ण करने के साथ पोस्टमार्टम कराने के बाद मृतिका के शव का अंतिम संस्कार हेतू परीजन को सौंप दिया गया। देर शाम शव का दाह संस्कार चकरामी गंगा घाट पर कर दिया गया। वही घटना को लेकर झंडापुर थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि सड़क हादसे में एक युवती की मौत की सूचना मिली है। तीन का इलाज चल रहा है। उक्त पिकअप को जप्त कर वाहन चालक व मालिक का पता लगाया जा रहा है। वही पिकअप वाहन चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

साथ ही थानाध्यक्ष ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि जीवन अमूल्य है, अपने परिवार व जीवन की परवाह अवश्य करें, क्षणिक समय बचाने के लिए धैर्य न खोएं, उन्होंने सभी वाहन चालको से अपील करते हुए कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट लगाए और कम रफ्तार में अपनी वाहन को चलाए परिवार की सुरक्षा का दायित्व आप पर है।

